

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 22.12.2023 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में की गयी आहूत बैठक का कार्यवृत्त –**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 22.12.2023 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री योगेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
2. श्री रवि कुमार वर्मा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3. श्री शैंकी देव कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर
4. श्री विनिश भास्कर, जिला समन्वयक अधिकारी, डी0पी0एम0यू0 टीम, सहारनपुर।
5. श्री दीपक कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
6. श्री सचिन कुमार, जिला परियोजना प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
7. श्री प्रमोद मौर्य, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
8. श्री विनित अग्रवाल, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर द्वारा एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है :–



**मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी)**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 127 नग योजनाओं में से 113 नग योजनाओं पर बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं। एजेन्सी द्वारा 31.12.2023 तक शेष 14 नग योजनाओं में बोरिंग का कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जोकि अभी तक भी प्रारम्भ नही किया गया है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा वर्तमान तक 115 नग योजनाओं पर ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया हैं जिसमें से 13 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण है। एजेन्सी द्वारा 20 नग अवर जलाशयों का निर्माण कार्य दिनांक 31.12.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें वर्तमान तक कोई कार्य पूर्ण नही हुआ है। यह स्थिति उचित नही हैं।
- वितरण प्रणाली के कार्यों में 100 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य एवं 100 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य दिनांक 31.12.2023 तक शत–प्रतिशत पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था परन्तु फर्म द्वारा दिनांक 22.12.2023 तक केवल 70 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली एवं गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये गये है, इससे यह स्पष्ट हैं कि फर्म द्वारा पेयजल योजना के निर्माण कार्यो में लापरवाही बरती जा रही हैं।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य सबलेट एजेन्सी द्वारा अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। फर्म द्वारा 50 नग योजनाओं में सोलर अधिष्ठापन का कार्य दिनांक

31.12.2023 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जिसके सापेक्ष 33 नग योजनाओं में ही कार्य प्रारम्भ किया गया है, इससे यह स्पष्ट होता है कि ससमय कार्य पूर्ण होने की सम्भावना प्रतीत नही होती हैं।

- रोड पुर्नस्थापना के कार्य में 30 नग योजनाओं में दिनांक 31.12.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें 25 नग योजनाओं में ही कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा 05.01.2024 तक शेष 05 नग योजनाओं में शत–प्रतिशत रोड पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण हेतु आश्वासन दिया गया है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर द्वारा माह दिसम्बर 2023 तक आवटित ग्रामों में क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध कराया गया हैं। वर्तमान में 57924 नग क्रियाशील गृह संयोजन दिये जा चुके हैं तथा शेष 12298 नग क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करने हेतु प्रतिदिन 200 नग FHTC अधिष्ठापित कराते हुये Online फीड किये जाने हैं, परन्तु सबलेट एजेन्सी द्वारा प्रतिदिन केवल 130 से 150 नग FHTC प्रदान करते हुये फीड किये जा रहे हैं। इससे यह स्पष्ट हैं कि फर्म द्वारा पेयजल योजना के निर्माण कार्यो में लापरवाही बरती जा रही हैं।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के कार्यो की प्रगति से अवगत होते हुए असंतोष प्रकट किया गया तथा सम्बन्धित फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि 20 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य दिनांक 31.12.2023 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विशेष रूप से कार्य पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म को निर्देशित किया गया जिस पर फर्म द्वारा 05 नग योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना का कार्य दिनांक 31.12.2023 तक पूर्ण कराने हेतु आश्वासन दिया गया।

**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0।**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर द्वारा कुल आवंटित 328 पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाना है जिसके सापेक्ष 213 नग अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका हैं, जिसमें से 04 नग अवर जलाशयो का कार्य पूर्ण करते हुये 209 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति में है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा 31.12.2023 तक 20 नग अवर जलाशय पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।
- वितरण प्रणाली के कार्यों में 110 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 106 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति में है। गृह संयोजन का कार्य दिनांक 31.12.2023 तक 115 नग योजनाओं में शत–प्रतिशत पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था परन्तु 31.12.2023 तक 92 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया हैं। यह स्थिति संतोषजनक नही है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 50 नग योजनाओं में सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य दिनांक 31.12.2023 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जिसके सापेक्ष 25 नग योजनाओं में सौलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया गया है। यह स्थिति उचित नही है।
- सडक पुर्नस्थापना के कार्य में 30 नग योजनाओं में दिनांक 31.12.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें उक्त दिनांक तक 25 नग योजनाओं में ही सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 05.01.2023 तक 30 नग योजनाओं में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर के कार्यो की प्रगति से अवगत होते हुए अवर जलाशय, सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना और क्रियाशील गृह संयोजन के कार्यो को लेकर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि 20 नग अवर जलाशयों का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विशेष रूप से कार्य पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता एवं फर्म को निर्देशित किया गया जिस पर फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री प्रमोद मौर्य द्वारा 05 नग योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना का कार्य दिनांक 05.01.2023 तक पूर्ण कराने एवं अवशेष कार्यो को समयानुसार पूर्ण कराने हेतु आश्वासन दिया गया।

**मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)।**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) के Descoping उपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को जनपद के अवशेष 251 नग योजनाओं 387 राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अनुबन्धित किया गया है। फर्म द्वारा

योजनाओं के निर्माण कार्यों हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन कराते हुये कवर अनुबन्ध गठन के उपरांत योजनाओं के निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है। वर्तमान में फर्म द्वारा 251 नग योजनाओं के सापेक्ष 215 नग योजनाओं मे टयूबवैल छिद्रण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा दिनांक 31.12.2024 तक 15 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण करने हेतु वर्क प्लान दिया गया था जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा काई भी अवर जलाशय का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण नही किया गया है। यह स्थिति उचित नही हैं।
- वितरण प्रणाली के कार्यों में 58 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 157 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति में है। गृह संयोजन का कार्य दिनांक 31.12.2023 तक 55 नग योजनाओं में शत–प्रतिशत पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था परन्तु 31.12.2023 तक 27 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया हैं। यह स्थिति संतोषजनक नही है।
- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 47 नग योजनाओं में सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य प्रगति में है जिसमें 11 नग योजनाओं में सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फर्म के प्रतिनिधि विनित कुमार अग्रवाल द्वारा दिनांक 31.12.2023 तक 20 नग योजनाओं में सौलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया है।
- सडक पुर्नस्थापना के कार्य में 25 नग योजनाओं में दिनांक 31.12.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें उक्त दिनांक तक 14 नग योजनाओं में ही सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा शेष 11 नग योजनाओं में दिनांक 05.01.2024 तक कार्य प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति से अवगत होते हुये सम्बन्धित फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य शीघ्र अति शीघ्र प्रारम्भ करते हुये पेयजल आपूर्ति तथा तोडी गई सडकों की मरम्मत शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(सचिन कुमार)**
**मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0**
**सहारनपुर**

**(प्रमोद कुमार)**
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0**
**सहारनपुर**

**(दीपक कुमार)**
**टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI),**
**सहारनपुर।**

**(विनित अग्रवाल)**
**मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)**
**सहारनपुर**

**(दुष्यन्त कुमार)**
**अवर अभियन्ता**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**

**(रवि कुमार वर्मा)**
**सहायक अभियन्ता**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**

**(योगेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**सहारनपुर**

**(सुमित राजेश महाजन)**
**मुख्य विकास अधिकारी**
**सहारनपुर**